बिहार सरकार
आपदा प्रबंधन विभाग
प्रेस नोट

दिनांक–05.08.2016

नेपाल के तराई क्षेत्रों में भारी वर्षा से उत्तरी बिहार के कुछ जिलों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। बाढ़ आपदा से निपटने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप जिलो द्वारा तैयारी की गई है। वर्त्तमान में महानन्दा, बखरा, कंकई, परमार, कोसी एवं अन्य नदी में आए बाढ़ से राज्य के पूर्णियां, किशनगंज, अररिया, दरभंगा, मधेपुरा, भागलपुर, कटिहार, सहरसा, सुपौल, गोपालगंज, पूर्वी चम्पारण (मोतिहारी), पश्चिम चम्पारण एवं मुजफ्फरपुर जिला बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। राज्य में बाढ़ से राहत एवं बचाव कार्य की स्थिति निम्न है:–

नदियों का नाम जो खतरे के निशान से उपर बह रही है – गंगा कहलगाँव (भागलपुर) में (DL 31.09, AL 31.32), घाघरा–दरौली (सिवान) में (DL 60.82, AL 60.88), गंगपुर–सिसवन (सिवान) में (DL 57.04, AL 57.31), बूढ़ी गंडक– खगड़िया में (DL 36.58, AL 36.60), कोसी–बलतारा (खगड़िया) में (DL 33.85, AL 35.12), कोसी– कुरसेला (कटिहार) में (DL 30.00, AL 30.27)

1.	कुल प्रभावित जिलो की संख्या –	14 (पूर्णियां, किशनगंज, अररिया, दरभंगा, मधेपुरा, भागलपुर, कटिहार, सहरसा, सुपौल, गोपालगंज, मुजफ्फरपुर, पूर्वी चम्पारण एवं पश्चिमी चम्पारण, सारण)
2.	कुल प्रभावित प्रखण्डों की संख्या –	78
3.	कुल प्रभावित पंचायतों की संख्या –	640
4.	कुल प्रभावित गांवों की संख्या –	2361
5.	प्रभावित जनसख्या –	33.00 लाख
6.	प्रभावित क्षेत्रफल–	5.10 लाख हेक्टेयर
7.	प्रभावित फसलों का रकवा –	2.0 लाख हेक्टेयर
8.	फसल क्षति का अनुमानित मूल्य–	आकलन किया जा रहा है।
9.	बाढ़ से मृत व्यक्तियों की संख्या –	89(अररिया–21, सुपौल–8, किशनगंज–5, कटिहार–15, पूर्णियां–26, मधेपुरा–4, सहरसा–1, गोपालगंज–4 मुजफ्फपुर–1, सारण–1, दरभंगा–3)
10.	बाढ़ से मृत पशु की संख्या –	2
11.	गृह क्षति – (i) पक्का	(क) आंशिक –198 (ख) पूर्ण –86
	(ii) कच्चा	(क) आंशिक –3697 (ख) पूर्ण –1915
	(iii) झोपड़ी	7843
12.	क्षतिग्रस्त गृहों का अनुमानित मूल्य –	265.00 लाख
13.	क्षतिग्रस्त सार्वजनिक सम्पत्ति का अनुमानित मूल्य – आकलन किया जा रहा है।	
14.	परिचालित नावों की संख्या –(क) सरकारी देशी नाव – 712 (ख) निजी नाव – 778	
15.	निष्क्रमित जनसंख्या–	641707
16.	चलाए जा रहे राहत कैम्पों की संख्या –	464

17.	शिविरों में रह रहे लोगों की संख्या –	379117
18.	चिकित्सा दलों की संख्या –	224
19.	पशु शिविरों की संख्या –	69
20.	सूखा राहत वितरण का विवरण–	चूड़ा–7783.00 वीं0, गूड़–1370.00 क्वीं0, दीया–सलाई –990086 पैकेट, मोमवत्ती–3540 पैकेट, किरासन तेल–964321 ली0 पॉलिथिन शीट्स–57707 शीट्स एवं फूड पैकेट–221248

नोट– 1. बाढ़ के मद्देनजर सुपौल, गोपालगंज, मुजफ्फरपुर, दरभंगा एवं दीदारगंज, पटना में एन0डी0आर0एफ0 की एक–एक टीमें Prepositioned की गई थी, जबकि खगड़िया, सीतामढ़ी, पूर्णियां, भागलपुर, मधुबनी, मधेपुरा में एस0डी0आर0एफ की एक–एक टीम Prepositioned की गई थी। एन0डी0आर0एफ0 एवं एस0डी0आर0एफ0 की दो–दो टीमें बिहटा, पटना में सुरक्षित रखी गई थी।

2. बाढ़ग्रस्त **अररिया जिले** में राहत कार्य हेतु सुपौल जिला से 20 एन0डी0आर0एफ0 जवानों को भेजा गया है। इसके अतिरिक्त बिहटा, पटना से एन0डी0आर0एफ0 की एक स्पेशल टीम (40 जवान) भेजी गई है। साथ ही मधेपुरा से भी एस0डी0आर0एफ0 की एक टीम (20 जवान) अररिया भेजी गई है। साथ ही भोजपुर एवं बक्सर से 25–25 सरकारी देशी नाव भी अररिया भेजा गये हैं।

3. **पूर्णियां जिला** में एस0डी0आर0एफ0 की एक टीम पूर्व से प्रतिनियुक्त है। दरभंगा जिले से Prepositioned एन0डी0आर0एफ0 की एक टीम (45 जवान) **पूर्णियां जिला** में राहत एवं बचाव कार्य हेतु भेजा गया है। इसके अतिरिक्त एस0डी0आर0एफ0 की एक विशेष टीम (65 जवान) बिहटा, पटना से पूर्णियाँ जिला में राहत एवं बचाव कार्य के लिए भेजी गई है। साथ ही खगड़िया एवं मुजफ्फरपुर जिला से 25–25 सरकारी देशी नाव पूर्णियाँ जिला को भेजा गया है।

4. बाढ़ग्रस्त **किशनगंज जिले** में बचाव एवं राहत कार्य हेतु पूर्णियां जिला से दो इन्फलेटेबल मोटरबोट के साथ एस0डी0आर0एफ0 के 10 जवानों को एवं खगड़िया जिला से 4 इन्फलेटेबल मोटरबोट के साथ 20 एस0डी0आर0एफ0 जबानों को भेजा गया है। इसके अतिरिक्त दरभंगा जिला से एन0डी0आर0एफ0 के 20 जवानों को किशनगंज जिला भेजा गया है। साथ ही दरभंगा एवं लखीसराय जिले से 50 सरकारी देशी नाव भी भेजा गया है।

5. एस0डी0आर0एफ0 की एक टीम (20 जवान) मधुबनी से कटिहार भेजी गयी है।

6. **सीतामढ़ी जिला** से Prepositioned SDRF की टीम में से आधी टीम (20 जवान) **पूर्वी चम्पारण (मोतिहारी)** भेजी गई है।

7. **मुजफ्फरपुर** से एन0डी0आर0एफ0 की एक टीम (12 जवान) प0 चम्पारण (बेतिया) जिला में भेजा गया है। बिहटा (पटना) एवं **दीदारगंज (पटना)** से एन0डी0आर0एफ0 की 1 – 1 टीम **गोपालगंज** भेजी गई है।

8. 15000 –15000 तैयार **ड्राई फुड पैकेट मुजफ्फरपुर, मधुबनी, सहरसा, मधेपुरा जिला से पूर्णियां भेजा** जा रहा है। ड्राई फुड पैकेट में 500 ग्राम सत्तु, 2 कि0ग्रा0 चूड़ा, 250 ग्राम चीनी, छोटा पैकेट नमक, मोमवत्ती, माचिस, एक टॉर्च, एवं पाउडर दूध को पैकेट रखे जाने का निदेश दिया गया है।

9. पटना, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, मधुबनी एवं शिवहर से क्रमशः 5000, 3000, 4000, 3000 एवं 5000 कुल – 20000 पॉलीथीन शीट्स पूर्णियाँ जिला को भेजा गया है।

10. मुंगेर, खगड़िया, भोजपुर एवं मधेपुरा से क्रमशः 3000, 3000, 5000 एवं 3000 कुल 14000 पॉलीथीन शीट्स कटिहार जिला को भेजा गया गया है।